**भारत सरकार**

**श्रम एवं रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2145**

**सोमवार, 24 दिसम्बर, 2018/3 पौष, 1940 (शक)**

**भविष्य निधि, स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत कर्मचारियों का कवरेज**

**2145. श्री आर.गोपालकृष्णन:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने लोक भविष्य निधि, स्वास्थ्य सुविधाओं आदि के कवरेज को बढ़ाने हेतु अधिक से अधिक व्यक्तियों/निजी कंपनियों को शामिल करने हेतु कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अंतर्गत शामिल किए गए व्यक्तियों/निजी कंपनियों की वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या क्या है; और

(घ) इस कार्य के लिए निर्धारित लक्ष्य, यदि कोई हों, का ब्यौरा क्या है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री संतोष कुमार गंगवार)**

(क) और (ख): जी, हाँ। कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के अंतर्गत कवरेज बढ़ाने के लिए, 01.09.2014 से सांविधिक मजदूरी सीमा को प्रति माह 6500/- रूपये से बढ़ाकर 15000/- रूपये किया गया था। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत कवरेज के लिए मजदूरी सीमा को भी 01.01.2017 से प्रतिमाह 15000/-रुपये से बढ़ाकर 21000/-रुपये कर दिया गया था।

इसके अतिरिक्त, रोजगार के अवसरों में वृद्धि करने और इस तरह कर्मचारी भविष्य निधि कवरेज के अंतर्गत और अधिक लोगों को लाने के लिए, 09.08.2016 से प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना शुरू की गयी है। इस योजना के अंतर्गत, सरकार नियोक्ता के हिस्से का सम्पूर्ण अंशदान अर्थात् मजदूरी के 12 प्रतिशत का वहन करती है। आदिनांक 1.18 लाख प्रतिष्ठानों और 97.25 लाख कर्मचारियों को इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है।

ईएसआई स्कीम में, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अनुसार इस स्कीम में कवर किए गए बीमित व्यक्तियों को चिकित्सा लाभ के साथ-साथ रुग्णता, प्रसूति तथा रोजगारजन्य चोटों के लिए नकद लाभ का प्रावधान है। 31.03.2018 की स्थिति के अनुसार, ईएसआई स्कीम के अंतर्गत बीमित व्यक्तियों की कुल संख्या 3.43 करोड़ है और चिकित्सा लाभ के हकदार कुल लाभार्थियों की संख्या 13.32 करोड़ है। 31.03.2018 की स्थिति के अनुसार, ईएसआई स्कीम के अंतर्गत कवर किए गए नियोक्ताओं की संख्या 10,33,730 है।

(ग): ईपीएफओ के अंतर्गत कवर किए गए सदस्य, खातों तथा प्रतिष्ठानों का विवरण अनुबंध में है।

(घ): कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के अंतर्गत सभी पात्र कर्मचारियों को ईपीएफ लाभ प्रदान करने तथा सभी पात्र प्रतिष्ठानों को इसके अंतर्गत कवर करने का लक्ष्य है। जहां तक ईएसआई स्कीम का संबंध है, संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र की सहायता से चिकित्सा और नकद लाभों की व्यवस्थाएं गैर-क्रियान्वित क्षेत्रों को विस्तारित की जा रही हैं।

*                                                  ***

**<u>अनुबंध</u>**

**"भविष्य निधि, स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत कर्मचारियों का कवरेज" के संबंध में श्री आर.गोपालकृष्णन द्वारा पूछे गए 24.12.2018 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2145 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| राज्य | 2016 | | 2017 | | 2018 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **प्रतिष्ठान** | **सदस्य** | **प्रतिष्ठान** | **सदस्य** | **प्रतिष्ठान** | **सदस्य** |
| अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 675 | 30528 | विभाजन उपलब्ध नहीं है | | 941 | 40142 |
| आंध्र प्रदेश | 36928 | 3263263 | 86521 | 14447510 | 41956 | 4089838 |
| अरुणाचल प्रदेश | 833 | 23056 | विभाजन उपलब्ध नहीं है | | विभाजन उपलब्ध नहीं है | |
| असम | 8913 | 589558 | 15054 | 945193 | 20536 | 991874 |
| बिहार | 11505 | 1038753 | 14542 | 1235709 | 17428 | 1394818 |
| चंडीगढ़ | 3099 | 788608 | 22321 | 3160330 | 11939 | 2465301 |
| छत्तीसगढ | 12171 | 1330494 | 13962 | 1547123 | 15984 | 1727620 |
| दादरा और नागर हवेली | 104 | 38270 | विभाजन उपलब्ध नहीं है | | विभाजन उपलब्ध नहीं है | |
| दमन और दीव | 1538 | 454785 | विभाजन उपलब्ध नहीं है | | विभाजन उपलब्ध नहीं है | |
| दिल्ली | 58568 | 13972550 | 62930 | 15546706 | 67810 | 16889474 |
| गोवा | 4515 | 1189486 | 4828 | 1316705 | 5090 | 1395713 |
| गुजरात | 79963 | 12927251 | 88829 | 15260059 | 95738 | 16711292 |
| हरियाणा | 44571 | 12391650 | 48686 | 14041586 | 52985 | 15428652 |
| हिमाचल प्रदेश | 9960 | 1165652 | 13474 | 1362504 | 16575 | 1508104 |
| झारखंड | 16924 | 1811688 | 18624 | 1997937 | 20370 | 2152331 |
| कर्नाटक | 65551 | 20161034 | 73196 | 22497385 | 82277 | 24475636 |
| केरल | 25714 | 2636043 | 27108 | 2973688 | 28463 | 3145561 |
| लक्षद्वीप | 14 | 78 | विभाजन उपलब्ध नहीं है | | विभाजन उपलब्ध नहीं है | |
| मध्य प्रदेश | 31492 | 3838608 | 36499 | 4403751 | 42225 | 4813494 |
| महाराष्ट्र | 142910 | 34127787 | 159398 | 38417086 | 175978 | 42035107 |
| मणिपुर | 677 | 23323 | विभाजन उपलब्ध नहीं है | | विभाजन उपलब्ध नहीं है | |
| मेघालय | 808 | 81868 | विभाजन उपलब्ध नहीं है | | विभाजन उपलब्ध नहीं है | |
| मिजोरम | 199 | 6928 | विभाजन उपलब्ध नहीं है | | विभाजन उपलब्ध नहीं है | |
| नागालैंड | 522 | 14733 | विभाजन उपलब्ध नहीं है | | विभाजन उपलब्ध नहीं है | |
| ओडिशा | 22383 | 2629589 | 25589 | 2925452 | 28529 | 3137629 |
| पुदुचेरी | 2329 | 433661 | विभाजन उपलब्ध नहीं है | | विभाजन उपलब्ध नहीं है | |
| पंजाब | 39440 | 4847089 | 22874 | 3051343 | 35937 | 4126454 |
| राजस्थान | 33194 | 4273456 | 37867 | 4923490 | 42583 | 5447387 |
| सिक्किम | 416 | 50033 | विभाजन उपलब्ध नहीं है | | विभाजन उपलब्ध नहीं है | |
| तमिलनाडु | 102040 | 20578908 | 111768 | 23653089 | 119953 | 25571393 |
| तेलंगाना | 42666 | 9393447 | विभाजन उपलब्ध नहीं है | | 50885 | 11582857 |
| त्रिपुरा | 1113 | 78250 | विभाजन उपलब्ध नहीं है | | 1296 | 94607 |
| उत्तर प्रदेश | 64423 | 7242952 | 72344 | 8349214 | 81157 | 9277059 |
| उत्तराखंड | 8497 | 2274176 | 9897 | 2714784 | 11420 | 3046623 |
| पश्चिम बंगाल | 51642 | 7706426 | 57877 | 8621216 | 63561 | 9262082 |
| **कुल** | **926297** | **171413981** | **1024188** | **193391860** | **1131616** | **210811048** |

*****